
# मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY)
## (शहरी रोजगार मंजूरी फॉर कामगार)



श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड







## “अनाथ व बेसहारा को मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) से मिला जीने का सहारा”

जिला मुख्यालय लातेहार से लगभग 25-30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सांसग, सिकनी कोलियरी, चंदवा निवासी रूपमणि कुमारी, पिता-स्व. किशोर भुईयां के माता-पिता व एक बड़े भाई का देहांत कोरोना काल के दौरान हो गया था। उसका एक अन्य भाई है, मगर वह उसका साथ देने को तैयार नहीं था। वह खाने के एक-एक दाने को मोहताज हो गई थी। रूपमणि 12वीं पास है और आगे भी अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती है। इसके अलावा उसे अपने लिए दो वक्त की रोटी का भी जुगाड़ करना था। ऐसे में वह रेजा के काम के लिए किसी तरह लातेहार शहर पहुंच गई।

लातेहार शहर में उसकी जान-पहचान लातेहार शहर स्थित डोम टोली के चंदनडीह निवासी विवेक राम की बेटी प्रिया से हुआ, जिसने उसे अपने घर में रख लिया। मगर वह उसे सही तरीके से खाना भी नहीं देती थी और काम करवाती थी। इसी बीच उसकी जान-पहचान एक अन्य महिला पूनम देवी से हुई। रूपमणि की आपबीती जानने के बाद वह उसने उसे अपने घर ले गई। पूनम ने ही उसे DAY-NULM की सीआरपी दीदी से मिलवाया व उसे साथ लेकर लातेहार नगर पंचायत कार्यालय पहुंची जहां उसकी मुलाकात सिटी मिशन मैनेजर आनंद किशोर दांगी से हुई। यहां उसकी आपबीती सुनने के बाद सीएमएम ने उसे खाने के लिए कुछ नगद पैसे दिए और उसे पास के ही होटल में भेजा। इसी दरम्यान कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) के तहत उसका निबंधन कर जाब कार्ड तत्काल बना दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने उसे जॉब कार्ड प्रदान किया और इसके बाद उसे नगर पंचायत क्षेत्र में ही सफाई कार्य में काम पर लगा दिया गया। अब रूपमणि काम करने के साथ-साथ अपनी आगे की पढ़ाई भी जारी रख सकती है और अपना भविष्य उज्जवल बना सकती है। इसके लिए उसने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी, कार्यपालक पदाधिकारी एवं सीएमएम का ह्दय से आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA